दिन–सोमवार                                                                 दिनांक– 15 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                                   अवधिः– 15 मिनट

---

पहले मुख्य समाचार.......

01. लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान तेज। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में कर रहे हैं चुनावी रैलियां।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गया और पूर्णियां में चुनावी सभाओं को सम्बोधित करेंगे।

03. इस साल देश में मॉनसून की बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना। जून से सितंबर तक देशभर में औसतन सत्तासी सेंटीमीटर वर्षा का अनुमान।

04. और, लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न।

अब समाचार विस्तार से.........

———————————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रैली और रोड शो कर रहे हैं। पहले चरण में राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है। वहीं, दूसरे चरण के तहत पाँच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज औरंगाबाद के रतनुआ में एनडीए प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी रैली को सम्बोधित किया। श्री योगी ने कहा कि राजद और कांग्रेस से किसी प्रकार की अपेक्षा रखना बेमानी है। उन्होंने कहा कि इन दलों ने देश को हमेशा समस्याएं दीं और इसका समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। भाजपा नेता ने कहा कि पिछले दस वर्षों में एक तरफ जहाँ देश की प्रतिष्ठा पूरे विश्व में बढ़ी है वहीं देश को नक्सलवाद जैसी आंतरिक समस्याओं से भी मुक्ति मिली है।

———बाईट———

योगी आदित्यनाथ ने नवादा में भी एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में एक चुनावी रैली को सम्बोधित किया।

इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शेखपुरा के घाट कुसुम्भा में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बिहार लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राजद के पन्द्रह साल के कार्यकाल में बिहार में किसी प्रकार का विकास नहीं हुआ।

———बाईट———

दूसरी तरफ, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने जमुई में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में एक चुनावी रैली को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि आज देश में झूठ की राजनीति का बोलबाला है, और लोगों को झूठे सपने दिखाए जा रहे है। श्री यादव ने दावा किया कि इंडी गठबंधन को पूरे राज्य में अपार समर्थन मिल रहा है। बाद मे पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल अपनी जनसभा में अग्निवीर जैसे मुद्दे की बात नहीं की, जिससे युवा आहत हैं।

———बाईट———

राजद नेता ने औरंगाबाद, गया, बांका और खगड़िया में भी चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गया के गाँधी मैदान में एनडीए प्रत्याशी जीतनराम माँझी के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। श्री मोदी पूर्णियां के रंगभूमि मैदान में भी एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। चुनाव घोषणा के बाद श्री मोदी का बिहार का यह तीसरा दौरा है।

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान देश में विकास की गति और विकास के पैमाने को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। श्री मोदी ने एक समाचार एजेंसी के साथ साक्षात्कार में कहा कि उनका लक्ष्य देश का समावेशी विकास सुनिश्चित करना है।

———बाईट———

————————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के संविधान बदलने वाले बयान की कड़ी आलोचना की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने राजद अध्यक्ष पर झूठी बयानबाजी करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि विपक्षी दलों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जितने अधिक हमले किए जाते हैं, उसका उतना ही अधिक लाभ एनडीए को मिलता है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि देश की जनता ने पिछले चुनावों की तरह इसबार भी विपक्षी गठबंधन को नकारने का मन बना लिया है।

———बाईट———

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन का काम जारी है। आज झंझारपुर संसदीय क्षेत्र से जदयू के रामप्रीत मंडल ने नामांकन पत्र भरा। वहीं, खगड़िया लोकसभा क्षेत्र से सीपीआई एम के संजय कुमार और मधेपुरा से जदयू के दिनेश चन्द्र यावद ने अपना पर्चा दाखिल किया। सुपौल संसदीय क्षेत्र से पी बी इंडिया पार्टी के रमेश कुमार आनन्द जय हिन्द पार्टी के उमेश प्रसाद साह और निर्दलीय नीतीश कुमार ने नामांकन पत्र भरा।

————————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने उन्नीस अप्रैल को सुबह सात बजे से एक जून को शाम साढे छह बजे तक एग्जिट पोल के प्रसारण पर रोक लगा दी है। आयोग ने कहा है कि इस अवधि में किसी भी मीडिया संस्थान द्वारा एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके प्रकाशन तथा प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा।

————————————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र

में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में सातवें चरण के तहत एक जून को मतदान होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने बताया कि चुनाव घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कृतसंकल्प है।

———बाईट—जिलाधिकारी—1———

जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट—जिलाधिकारी—2———

जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से बढ़—चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अपील की।

———बाईट—जिलाधिकारी—3———

लोकसभा क्षेत्र में पहली बार मतदाता बने युवाओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह है।

———बाईट—वोटर———

इधर, राजनीतिक दलों ने भी क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

————————————————————————————————

इस साल देश में मॉनसून की वर्षा सामान्य से अधिक होने की संभावना है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन ने आज नई दिल्ली में दक्षिण—पश्चिमी मॉनसून के बारे में मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहली जून से 30 सितंबर तक देशभर में औसतन 87 सेंटीमीटर वर्षा होने का अनुमान है।

———बाईट———

————————————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों में सीतामढ़ी, मधुबनी, शिवहर, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा और किशनगंज समेत राज्य के उत्तर—मध्य और उत्तर—पूर्व हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरन ने बताया कि राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———बाईट———

इधर , पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————————————

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न हो गया। पटना के गंगा घाटों समेत विभिन्न नदियों और तालाबों पर व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। औरंगाबाद के देव सूर्य मंदिर में विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने आस्था और भक्ति के माहौल मे छठ मनाए जाने की खबर दी है।

---

चैत्र नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। विभिन्न पूजा पंडालों में देवी प्रतिमाओं के पट लोगों के दर्शन के लिए खुल गये हैं। मान्यता है कि मां के इस स्वरूप की पूजा करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है, दुश्मनों का नाश होता है और तेज बढ़ता है।

---

मधुबनी जिले के लदनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराही से एसएसबी के जवानों ने लगभग डेढ हजार बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

कैमूर जिले के चांद प्रखंड के प्रमुख पद पर चंदन कुमार सिंह और भगवानपुर प्रखंग के प्रमुख पद पर राधिका देवी तथा उप–प्रमुख पद पर माधुरी देवी को जीत मिली है।

---

मुख्य समाचार

01. लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान तेज। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में कर रहे हैं चुनावी रैलियां।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गया और पूर्णियां में चुनावी सभाओं को सम्बोधित करेंगे।

03. इस साल देश में मॉनसून की बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना। जून से सितंबर तक देशभर में औसतन सत्तासी सेंटीमीटर वर्षा का अनुमान।

04. और, लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न।

समाप्त हुआ।